अमर उजाला

नकली खाद का भंडाफोड़: राजस्थान से चार आरोपी गिरफ्तार, नमक को रंगकर बेची जा रही थी खाद

कांकेर पुलिस ने नकली खाद की तस्करी करने वाले एक अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर बड़ी कार्रवाई की है। यह गिरोह राजस्थान के नावा सिटी में नकली खाद का निर्माण कर उसे छत्तीसगढ़ में बेच रहा था। पखांजुर पुलिस ने इस गिरोह के चार प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह शामिल हैं।

पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने बताया कि गिरोह के सदस्य जैन केम फूड नावा सिटी के मालिक हैं, जिन्होंने अपनी फैक्ट्री में नमक को रंगकर उसे नकली पोटाश खाद के रूप में तैयार किया। यह नकली खाद इंडियन पोटास लिमिटेड हाईटैक बायोटैकनोलाजी के प्रिंटेड बारदाना में पैक किया जाता था। इन खादों की मार्केटिंग शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना द्वारा की जाती थी, जो जयपुर, राजस्थान के निवासी हैं। वे अपनी पार्टनरशिप फर्म ओपीएस किसान एग्रोकेयर प्रा.लि. के बिल के माध्यम से नकली खाद की बिक्री करते थे।

गिरोह के सदस्य इस नकली खाद को ट्रक में लोड कर विभिन्न राज्यों के विक्रेताओं को भेजते थे। ट्रांसपोर्टर दौलत सिंह नावा सिटी का निवासी था, जो इन खाद की तस्करी में शामिल था। कांकेर पुलिस ने नावा सिटी से इन चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें ट्रांजिट रिमाण्ड में पखांजुर लाकर न्यायिक रिमाण्ड के लिए कोर्ट में पेश किया है।

Source: https://www.amarujala.com/chhattisgarh/kanker/fake-fertilizer-busted-four-accused-arrested-from-rajasthan-fertilizer-was-being-sold-by-dyeing-salt-2024-09-07#goog_rewarded